## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 19.04.2025 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड की राजधानी रांची में पहली बार भारतीय वायुसेना के एयर शो का नजारा देखने को मिला। आज सुबह नामकुम के खोजाटोली आर्मी ग्राउंड में इस शानदार शो का आयोजन हुआ। जहां भारत के जांबाज अपने–अपने एयर शो का करतब दिखाते नजर आए. कल भी वायु सेना के जांबाज सुबह नौ बजे से करतब दिखाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह मौजूद रहे। डीसी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि आगंतुक और दर्शक अपने साथ किसी भी तरह का खाद्य पदार्थ लेकर नहीं आएं क्योंकि पक्षियों के आकर्षित होने से एयर शो में खलल पड़ सकती है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड और स्पेनिश उद्यमों के बीच औद्योगिक और उर्जा के क्षेत्र को मजबूत करने के लिए आज से स्पेन दौरे पर हैं। झारखंड का प्रतिनिधिमंडल आज स्पेन और स्वीडन में औद्योगिक समूहों से बातचीत करेगा। निर्धारित व्यापार मंच और बीटूबी बैठकें स्पैनिश कंपनियों को झारखंड के औद्योगिक रोडमैप, निवेशक सुविधा नीतियों और सार्वजनिक–निजी सहयोग की जानकारी देंगी।

*******************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा–जेईई मेन के दूसरे सत्र के परिणाम जारी कर दिया हैं। इस बार, कुल 24 विद्यार्थियों ने 100 का परफेक्ट एनटीए स्कोर प्राप्त किया है। इनमें रांची निवासी मोहम्मद अनस, दिल्ली के दक्ष और हर्ष झा, पश्चिम बंगाल के देवदत्त माझी और महाराष्ट्र के आयुष रवि चौधरी शामिल हैं। वहीं आर्यन मिश्रा ने 99 दशमलव 99 परसेंटाइल हासिल किया।

*******************

आज दुनिया भर में लिवर की बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लोगों को तैलीय और चिकनाई वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करके स्वस्थ जीवनशैली अपनाने को प्रोत्साहित करने के लिए विश्व लिवर दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष के विश्व लिवर दिवस की थीम भोजन ही औषधि है।

*******************

वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम के विरोध में पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में हुई हिंसक घटनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने सतर्कता बरतते हुए पाकुड़ अनुमंडल में 15 मई तक निषेधाज्ञा लागू कर दी है।

*******************

लोहरदगा में विश्व हिंदू परिषद समेत अन्य संगठनों ने पश्चिम बंगाल में हिंसा के खिलाफ पैदल मार्च निकाल लोहरदगा के उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की मांग की।

*******************

राजधानी रांची के कई लोग और समूह योग को अपनाकर जीवन में बदलाव ला रहे हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*******************

खूंटी के एक निजी स्कूल के शिक्षक आनंद कुमार का शव अनगड़ा के चांडीडीह के पास से बरामद किया गया है। आनंद कुमार कल शाम से लापता थे।

*******************

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आज राज्य के देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज में आंधी–तूफान के साथ बारिश हो सकती है।

*******************

सउदी अरब के दम्माम में आयोजित एशियाई अंडर–18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने अब तक एक स्वर्ण, पांच रजत और पांच कांस्य सहित 11 पदक अपने नाम किया है। झारखंड के साकेत मिंज की चार सदस्यीय

टीम ने मेडले रिले में रजत पदक जीता। वहीं हिमांशु जाखड़ ने भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। पुरुषों की ऊंची कूद में, देवक भूषण ने रजत पदक जीता।

******************